परम पू. कैलाश जी 'मानव'

आर.एन.आई. नं. RAJBIL/2010/52404

# सेवा सौभाग्य

● मूल्य » 5 ● वर्ष-11 ● अंक » 130 ● मुद्रण तारीख » 1 अक्टूबर-2022 ● कुल पृष्ठ » 36

## लगाके हाथों में मेहंदी...50 बेटियां साजन के घर चली...

38वां दिव्यांग एवं निर्धन सामूहिक विवाह

## पर्यावरण एवं स्वच्छता का दिया संदेश

# हर घर खुशियों की दीपावली

दिव्यांग एवं गरीब बच्चों के चेहरे पर
खुशियां लाने का प्रयास
आपका भी हो एक उपहार

**सहयोग करें**

**₹ 1100**

संस्थान को **paytm** एवं **UPI** के माध्यम से दान देने हेतु इस **QR Code** को स्केन करें अथवा अपने पेमेंट एप में **UPI Address** डालकर आसानी से सेवा भेजे।

UPI narayanseva@sbi

अधिक जानकारी के लिए कॉल करें

फोन नं. : +91-294-6622222

वाट्सअप : +91-7023509999

1 अक्टूबर, 2022

वर्ष 11 अंक 130 मूल्य ₹ 05

कुल पृष्ठ » 36

**संपादक मंडल**

मार्ग दर्शक कैलाश चन्द्र अग्रवाल
सम्पादक प्रशान्त अग्रवाल
सहयोग विष्णु शर्मा हितैषी
भगवान प्रसाद गौड़
डिजाइनर विरेन्द्र सिंह राठौड़

**संपर्क (कार्यालय)**

NARAYAN SEVA SANSTHAN
Our Religion is Humanity

Sewa Parmo Dharm
MAKE GIVING YOUR HABIT

हिरण मगरी, सेक्टर-4
उदयपुर (राज.)-313002
फोन नं. : +91-294-6622222
वाट्सअप : +91-7023509999

Web www.narayanseva.org
E-mail info@narayanseva.org

Seva Soubhagya 1 October, 2022 Registered Newspaper No. RAJBIL/2010/52404 Postal Reg. No. RJ/UD/29-146/2020-2022. Despatch Date 1st to 7th of every month, Chetak Circle Post Office, Udaipur, Published by Sole-Owner, Publisher and Chief Editor Prashant Agarwal from Sevadham, Hiran Magri, Sector-4, Udaipur - 313002 (Raj) Printed at Newtrack Offset Private Limited, Udaipur. Total pages- 36 ( No. of copies printed 1,05,000) cost- Rs.5/-

# सेवा सौभाग्य

## विजया दशमी व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

**इस माह में** पाठकों हेतु

उदयपुर सेवा का पर्याय: डॉ.वीरेंद्र 09

कुणाल को मिला नवजीवन 11

दिव्यांग एवं निर्धन सामूहिक विवाह 12

दोनों दिव्यांग - बनें हम कदम 20

मन में विश्वास, कदमों में गति 22

यूएसए में सेवा की अलख 23

# धैर्य में ही कामयाबी

**यदि हम आशावान बनकर सफलता के प्रति आसक्त हैं, तो हर हाल में सफलता प्राप्त होगी। लेकिन धैर्य भी रखना होगा। जल्दबाजी से काम सुधरते नहीं, बिगड़ते ही हैं। व्यक्ति को निराशा के भंवरजाल में फंसने से बचना चाहिए।**

मनुष्य जीवन आशा और निराशा का मिश्रण है। कभी हम यह सोचते हैं कि ऐसा करेंगे तो हमें सफलता मिल सकती है, लेकिन दूसरे ही पल हमें अपनी ही सफलता संदिग्ध लगने लगती है और हम फिर किंतु-परंतु के चक्कर में पड़ जाते हैं। यह हम पर निर्भर है कि हम किस दृष्टिकोण को अपनाते हैं। यदि हम आशावान बनकर सफलता के प्रति आसक्त हैं, तो हम हर हाल में सफलता को प्राप्त करेंगे,लेकिन यदि हम निराशा के भंवरजाल में फंसकर यह चिंता करने लगेंगे कि हम सफल हो पाएंगे या नहीं, तो हमारी सफलता भी संदिग्ध हो जाएगी।

गौतम बुद्ध अपने शिष्यों के साथ एक जगह से दूसरी जगह भ्रमण करते रहते थे। इस दौरान वे आसपास होने वाली घटनाओं से भी जीवन में सुख - शांति बनाए रखने के उपदेश देते रहते थे। एक दिन वे अपने शिष्यों के साथ यात्रा कर रहे थे। रास्ते में एक खेत में बहुत सारे गड्ढे खुदे हुए थे। एक ही खेत में इतने सारे गड्ढे देखकर सारे शिष्य हैरान थे। किसी को भी समझ नहीं आ रहा था कि आखिर किसी ने एक साथ इतने गड्ढे क्यों खोदे हैं। शिष्यों ने बुद्ध से पूछा, तथागत! कृपया बताएं, एक खेत में इतने सारे गड्ढों का क्या रहस्य है? बुद्ध ने कहा, इस खेत के मालिक ने पानी की खोज करते हुए इतने गड्ढे खोद दिए हैं। वह कुआं खोद रहा था, लेकिन उसमें धैर्य की कमी थी। थोड़ा सा गड्ढा खोदने पर पानी नहीं निकला तो उसने दूसरा गड्ढा खोदना शुरू कर दिया। दूसरे में पानी नहीं निकला तो तीसरा गड्ढा खोदा। इसी तरह उसने खेत में जगह-जगह गड्ढे खोद दिए। अगर धैर्य के साथ एक ही जगह पर खोदता रहता तो उसे भूजल जरूर मिल जाता। बंधुओं ! कभी - कभी ऐसा होता है कि हम पूरी उम्मीद और निष्ठा के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कठोर परिश्रम करते हैं, लेकिन लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर पाते। ऐसी स्थिति में भी हमें आशा और धैर्य का साथ कभी नहीं छोड़ना चाहिए।

'सेवक' प्रशान्त भैया
संस्थान अध्यक्ष

# सत्संग की महिमा

**पृथ्वी पर मौजूद सभी प्राणियों पर प्रभु सदैव कृपा करते हैं। क्योंकि वे ''सहज कृपाला-दीन दयाला हैं। 'ज़रूरत इस बात की है कि हम पूर्ण समर्पण भाव से उनका स्मरण करें। भगवत्कृपा प्राप्त व्यक्ति का जीवन न केवल सार्थक हो जाता है, बल्कि वह दूसरों को भी मुश्किल से उबार लेता है।**

राजा जनक ने सत्संग का आयोजन किया। जब सत्संग का आरम्भ होने ही वाला था कि एक काला विषधर सभा में आया। सत्संगकर्त्ता अष्टावक्र ऋषि ने योगबल से सर्प का अतीत देखकर सभाजनों से कहा, भयभीत न हों, यह पूर्व सम्राट राजा अज हैं। सत्संग की पूर्णाहुति पर सर्प की जगह एक देवपुरूष की आकृति उभर आई। उस देवपुरूष ने राजा जनक का माथा चूमते हुए कहा-पुत्र हो तो तेरे जैसा। तुम्हारे इस आयोजन के फलस्वरूप मुझे दुखद योनि से छुटकारा मिला। राजा अज ने पार्षदों के साथ स्वर्ग की ओर प्रस्थान किया। राजा जनक को अन्य पूर्वजों के भी दर्शन की इच्छा हुई। वह योगबल से यमपुरी पहुंचे। उन्हें देख यमराज बोले, ''जनक, आप सीधे स्वर्ग में नहीं जा सकते, नरक के रास्ते ही जाना पड़ेगा। मार्ग मे नारकीय जीवों का क्रंदन जय-जयकार में बदल गया। यमदूत बोले, महाराज आपने गुरूदीक्षा ली है और गुरूत्व व आत्मबल आपका दृढ़ है। आपको छूकर बहती हवा पापियों के पाप-ताप को निवृत्त कर रही है इसलिए वे जय-जयकार कर रहे हैं। जनक ने यमदूतों से कहा, यदि मेरे यहां रूकने से इन्हें शांति मिलती है तो मैं यहां ठहरता हूं। उसी समय नरक के अधिष्ठाता ने जनक से कहा, राजन! आप पुण्यात्मा हैं। कृपया अब आप स्वर्ग की ओर प्रस्थान करें। जनक बोले, यदि ऐसा ही है तो इनके कल्याण के लिए मैं अपने सारे पुण्य अर्पित करता हूं।उसी समय यमराज स्वयं वहां पधारे और बोले, जनक! इन्हें अपने पुण्य अर्पित करने से तो आपको महापुण्य प्राप्त हुआ है। जनक बोले, मैं अपना महापुण्य भी इनके कल्याण हेतु अर्पित करता हूं। फिर तो साक्षात नारायण आ गए और बोले, जनक, अब तो तुम्हें परम पुण्य प्राप्त हुआ है। तुम्हारे जैसे महात्मा जहां जाते हैं वहीं मेरा और बैकुंठ का प्राकट्य हो जाता है। जनक बोले, भगवन, मुझे तो पता ही नहीं था कि सत्संग, संत-सानिध्य का इतना व्यापक महत्व है। इस तरह नारायण के आशीष से नरकवासियों को मोक्ष प्राप्त हुआ और राजा जनक पुनः पृथ्वी पर लौट आए।

कैलाश 'मानव'
संस्थापक-चेयरमैन

# माधुर्य से समाधान

**आत्म विश्वास और सद्व्यवहार से कठिन से कठिन कार्य भी आसान हो जाते हैं। जरूरत पड़ने पर यदि शत्रु को मित्र बनाने की चेष्टा की जाए तो आसन्न संकट हल हो जाता है। ऐसे जो लोग होते हैं, उनके लिए कुछ भी असंभव नहीं।**

एक राजा ने सपना देखा। सपने में एक साधु ने उससे कहा कि कल रात तुम्हें एक विषैला सांप काटेगा और उसके काटने से तुम्हारी मृत्यु हो जाएगी। वह सर्प अमुक पेड़ की जड़ में रहता है। वह तुमसे पूर्व जन्म की शत्रुता का बदला लेना चाहता है। सुबह राजा सोकर उठा। सपने पर विचार करने लगा कि उसे अपनी आत्म रक्षा के लिए क्या उपाय करना चाहिए? आखिर में वह इस निर्णय पर पहुंचा कि मधुर व्यवहार से बढ़कर शत्रु को जीतने वाला और कोई हथियार इस पृथ्वी पर नहीं है।

शाम होते ही राजा ने उस पेड़ की जड़ से लेकर अपनी शैया तक फू लों की सतह बिछवा दी। सुगंधित जल का छिड़काव करवाया, मीठे दूध के कटोरे जगह-जगह रखवा दिए और सेवकों को भी सांप को हानि न पहुंचाने का आदेश दे दिया। रात को सांप राजा के महल की तरफ चल दिया। वह जैसे-जैसे आगे बढ़ता गया, अपने लिए की गई स्वागत व्यवस्था को देखकर आनन्दित होता गया। कोमल बिछोने पर लेटता, मनभावनी सुगंध का रसास्वादन करता, जगह-जगह मीठा दूध पीता हुआ आगे बढ़ रहा था। इस तरह क्रोध के स्थान पर सन्तोष और प्रसन्नता के भाव उसमें उत्पन्न होने लगे। क्रोध कम होता गया। प्रवेश द्वार पर प्रहरियों ने भी उसे कुछ नहीं कहा। यह असाधारण सा लगने वाला दृश्य देखकर सांप के मन में स्नेह उमड़ आया। सद्व्यवहार, नम्रता, मधुरता ने उसे मंत्रमुग्ध कर लिया था। अब उसके लिए अपना कार्य असंभव हो गया। हानि पहुंचाने के लिए आने वाले शत्रु के साथ जिसका ऐसा मधुर व्यवहार है, उस धर्मात्मा व्यक्ति को काटूं तो कैसे? वह दुविधा में पड़ गया।

राजा के पलंग तक जाते सांप का निश्चय बदल गया। राजा के पास पहुंचकर सांप ने राजा से कहा, 'राजन! मैं तुम्हें काटकर पूर्व जन्म का बदला लेने आया था, परन्तु तुम्हारे सद्व्यवहार ने मुझे हरा दिया। अब मैं तुम्हारा शत्रु नहीं मित्र हूं। मित्रता के उपहार में अपनी बहूमूल्य मणि मैं तुम्हें दे रहा हूं। मणि राजा के सामने रखकर सांप चला गया। जीवन में ऐसा ही होता है। अच्छा व्यवहार कठिन से कठिन कार्यो को सरल बनाने का माद्दा रखता है। व्यवहार कुशल व्यक्ति वो सब कुछ कर पाता है, जो पाने की हार्दिक इच्छा रखता है।

# अंधेरे के विरूद्ध संघर्ष का पर्व दीपावली

**हमारी संस्कृति में आनंद की संकल्पना त्रिविध अर्थात् दैहिक, दैविक और भौतिक ताप से मुक्ति की है। दीपावली के उत्सव में भगवान धन्वंतरि से हम स्वास्थ्य व देवी लक्ष्मी से भौतिक समृद्धि की कामना करते हैं। नरकासुर के आख्यान से नारी शक्ति के सम्मान व भैया दूज पर यम का पूजन कर मृत्यु से मुक्ति का वरदान मांगते हैं। सबसे बड़ी बात तो यह कि अनाचार के प्रतीक रावण वध से अन्याय के विरूद्ध सतत् संघर्ष की प्रेरणा लेते हैं।**

त्रेता युग में रावण वध के बाद भगवान, श्री राम पत्नी सीता और छोटे भाई लक्ष्मण के साथ वनवास समाप्त कर पुनः अयोध्या लौटे तो उनके स्वागत में उनके भाईयों भरत - शत्रुघ्न व माताओं सहित अयोध्यावासियों ने नगर में घी के दीपक जलाए थे। तब से यह दिन, त्योहार के रूप में प्रचलित हुआ। यह ऐतिहासिक घटना कार्तिक मास की अमावस्या को हुई थी।

## धन्वंतरि जयंती

समुद्र मंथन में कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी के दिन भगवान धन्वंतरि हाथों में औषधि कलश लेकर प्रकट हुए थे। वे आयुर्वेद के जनक हैं। जब समुद्र मंथन में हलाहल विष बाहर निकला तो भगवान शिव ने उसे पी लिया था, तब धन्वंतरि ने ही भगवान शिव को अमृत पान करवाया था। इस दिन भगवान धन्वंतरि के स्वागत में दीपक जलाए जाते हैं। इस दिन खरीदारी का चलन है। देवी लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा के लिए इसी दिन मूर्तियां भी खरीदी जाती हैं। इस दिन धन्वंतरि के नाम के दीये जलाए और आरोग्य का आशीर्वाद मांगा जाता हैं।

## गोवर्धन पूजा

द्वापर में इंद्र ने कुपित होकर जब मूसलाधार बारिश की तो श्रीकृष्ण ने गोकुलवासियों व गायों की रक्षार्थ और इंद्र का घंमड तोड़ने के लिए गोवर्धन पर्वत, छोटी अंगुलि पर उठा लिया था। कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष के पहले दिन हुई इस घटना में इंद्र का अंहकार टूटा। उन्होंने भगवान से माफी मांगी। इस दिन श्रीकृष्ण को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग भी लगाया जाता है। अन्नकूट प्रसाद भी दिया जाता है। गाय के गोबर से भगवान की प्रतिकृति बनाकर पूजा की जाती है। गायों को सजा धजाकर गुड़ व चावल खिलाए जाने का भी विधान है।

## नरक चतुर्दशी

द्वापर युग में नरकासुर दैत्य का वध कर श्रीकृष्ण ने 16 हजार 100 स्त्रियों को उसकी कैद से मुक्त करवाया था। भगवान ने उन्हें रूपवती होने का आशीर्वाद दिया था। उन स्त्रियों ने जब भगवान से खुद को पत्नी के रूप में स्वीकार करने की प्रार्थना की तो भगवान ने मर्यादा की रक्षार्थ उनका प्रस्ताव मान लिया था। यह घटना कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को हुई थी। इसी घटना - की स्मृति में नरक चतुर्दशी (रूप चौदस या छोटी दीपावली) मनाते हैं। भगवान श्रीकृष्ण की पूजा और उनसे प्रार्थना का यह खास दिन है।

## भाईदूज

दीपोत्सव के पांचवें और अंतिम दिन को भाईदूज या यम द्वितीया के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि सूर्यपुत्री यमुना के भाई यमराज कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया को उनके घर आए थे। यमुना ने यमराज को टीका लगाकर वरदान मांगा था कि इस दिन कोई बहन अपने भाई को टीका लगाकर उसका आदर-सत्कार करे तो उसे आपका भय न रहे। यमराज ने तथास्तु कहा। तब से यह पर्व मनाया जाता है। इस दिन बहनें, भाईयों की लम्बी उम्र व उत्तम स्वास्थ्य के लिए व्रत रखती हैं। भाई रक्षा का संकल्प लेते हैं।

# पेप्सिको टीम ने देखी दिव्यांगजन सेवा

**वरिष्ठ निदेशक श्री रिन्केश सतीजा, एचआर निदेशक सुश्री पवित्रा सिंह और निदेशक श्री ईश्वर मूर्ति व टीम के सदस्यों ने प्रज्जवलित किया सेवा का दीप**

कविता

# आंखों में नमी नहीं, जज्बातों में कमी नहीं

माना कि इनकी आंखों में नमी नहीं होती
पर इनके दिलों में जज्बातों की कमी भी नहीं होती
प्यार जताने का इनका अलग ही तरीका होता है।
कभी डांटते हैं, कभी गुस्सा करते हैं।
कभी हुक्म चलाते हैं, तो कभी - रोब भी जमाते हैं।
सीधे-सीधे ये बात कोई बताते नहीं
फिक्र हमारी सबसे ज्यादा करते हैं। **हां ये पुरूष हैं**
दफ्तर और घर को लम्बी उम्र तक बैलेंस करते हैं।
हालातों से तो ये भी लड़ते हैं
कभी मां को कह नहीं पाते,
कभी बीबी को कहना नहीं चाहते
और नाराजगी दोनों से सहते रहे हैं।
वैसे तो ये निडर हैं पर रिश्तों को खोने के
डर से अक्सर ये डरते हैं। **हां ये पुरूष हैं**
बातों में सख्ती, कंधो में मजबूती
और सीना फौलादी रखते हैं।
पर आंगन से जब उठती है
डोली सबसे ज्यादा यही रोते हैं। **हां ये पुरूष हैं**
बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक की
जिम्मेदारी यहीं उठाते हैं
ख्वाहिशों को खुद की कफन चढ़ाके
अपनी पूरी जान ये जलाते हैं। **हां ये पुरूष हैं**
जब भी कोई मुसीबत आती है
परिवार से पहले इनसे टकराती है।
अरे कुछ नहीं होगा चिन्ता छोड़ो और सो जाओ मैं हूं ना
कहकर सबकों सुलाते हैं और फिर उसी चिन्ता में
खुद को पूरी रात जगाते हैं। **हां ये पुरूष हैं**
जिन्दगी भर परिवार के लिए जीते हैं
आधा से ज्यादा जिन्दगी ये घर से बाहर जीते हैं
कर्ज और सामाजिक फर्ज में ही
उम्र सारी गुजर जाती है।
खुद के लिये भी क्या ये लगातार जाते हैं।
पिता, पति, भाई या दोस्त इनका हर रूप निराला है।
कभी न कभी किसी न किसी ने
हमें हर वक्त हरदम सम्भाला है।
हां ये सच है कि इन्सान को जन्म देती है औरत
पर इनके बिना भी क्या कोई वजूद हमारा है।
-कमलेश कालरा

# उदयपुर सेवा का भी पर्याय: डॉ. वीरेंद्र

## केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने का किया सम्मान

उदयपुर दुनिया में एक ऐतिहासिक शहर के रूप में पहचान तो रखता ही है, यह सेवा का भी पर्याय है। दीन-दुखियों ओर वंचितों की सेवा ईश्वर की ही पूजा है। केंद्रीय सामाजिक न्याय एंव अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने नारायण सेवा संस्थान के सेवामहातीर्थ परिसर में 4 सितम्बर को 501 दिव्यांगजन के निःशुल्क ऑपरेशन एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में यह बात कही। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों की सेवा चिकित्सा पुनर्वास व रोजगार के क्षेत्र में राज्य व केंद्र सरकारें तो काम कर ही रही हैं लेकिन जब नारायण सेवा संस्थान जैसे सामाजिक संस्थान और व्यक्ति समूह आगे बढ़ते हैं तो सरकार के प्रयास और अधिक सार्थक हो जाते हैं। इस विषय मे उन्होंने केंद्र की अनेक योजनाओं का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि एक-एक मुट्टी आटा संग्रहण से रोगियों की भोजन सेवा से शुरू हुआ नारायण सेवा संस्थान आज दिव्यांगों के विश्वास व सम्बल का प्रतीक बन गया है। उन्होंने केंद्रीय योजनाओं के तहत संस्थान को हर सम्भव सहयोग की घोषणा की। इससे पूर्व संस्थान संस्थापक पद्मश्री कैलाश जी मानव ने डॉ.वीरेंद्र का साफा, शॉल उपरना और अभिनन्दन पत्र भेंट कर स्वागत किया। उन्हें मेवाड़ के स्वाभिमान व शौर्य की प्रतीक चेतक पर सवार महाराणा प्रताप की प्रतिमा भी भेंट की गई।

अध्यक्ष प्रशान्त अग्रवाल ने संस्थान की 38 वर्षीय सेवायात्रा का जिक्र करते हुए कहां कि संस्थान अब तक 4 लाख 31 हजार से अधिक ऑपरेशन के साथ ही हजारों दिव्यांगों को सहायक उपकरण, कृत्रिम अंग और कैलिपर भी वितरण कर चुका है। पुनर्वास प्रकल्प में 2201 जोड़ों की गृहस्थी बसाई गई हैं। आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में अनेक रोजगार परक प्रशिक्षण भी चलाए जा रहे हैं। मंत्री महोदय ने देश के विभिन्न प्रान्तों से सर्जरी के लिए आए दिव्यांग एंव उनके परिजनों से भी मुलाकात की। समारोह में श्रीमती कमल वीरेंद्र का निदेशक वंदना अग्रवाल ने शॉल एंव गुलदस्ता देकर अभिनन्दन किया। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एंव अधिकारिता विभाग उपनिदेशक मानधाता सिंह, अम्बेडकर सोसायटी के अध्यक्ष शैलेन्द्र चौहान, किशन खटीक, चितौड़ के समाज सेवी कन्हैया लाल, ट्रस्टी-निदेशक देवेन्द्र चौबीसा व बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। संचालन महिम जैन ने किया।

# टेढ़ापन हुआ दूर, चंद्रशेखर चलने को तैयार

उत्तर प्रदेश आगरा निवासी दिनेश कुमार के घर दस साल पहले पहली संतान के रुप में बेटे के जन्म लेने से घर परिवार एंव सगे सम्बन्धियों में खुशी का माहौल बन गया। पिता भारत की सीमा पर तैनात इंडियन आर्मी में जवान है। दिल में देशप्रेम की भावना के साथ माता - पिता ने बेटे का चंद्रशेखर नाम रखा। चंद्रशेखर अब हँसते - खेलते डेढ़ साल का हो गया था, सब कुछ अच्छा चल ही रहा था की अचानक से तबियत खराब हुई, तेज बुखार के साथ पूरे शरीर में दर्द से परेशान चंद्रशेखर को उपचार हेतु लेकर गए, जाँच में पता चला कि बच्चा पोलियों का शिकार हो गया है, कुछ दिनों बाद स्थिति और बिगड़ने लगी। बहुत से अस्पतालों में उपचार के लिए चक्कर लगाए पर कहीं से भी ठीक होने के आसार नहीं मिले। जैसे -जैसे समय निकलता गया, वैसे - वैसे बांया पांव घुटने से टेढ़ा होता गया।

चंद्रशेखर के चार से पांच साल के होने पर भी कही से कुछ उपचार नहीं मिला। पास के ही स्कूल में दाखिला करवाया परन्तु स्कूल आने-जाने और अपने दैनिक कार्य करने में बहुत परेशानी होती थी। कुछ दिनों पहले गाँव के ही दो व्यक्तियों द्वारा जानकारी मिली कि राजस्थान के उदयपुर जिले में स्थित नारायण सेवा संस्थान निःशुल्क पोलियों ऑपरेशन करती है। उपचार और संस्थान के बारे में सुन उम्मीद की किरण दिखाई दी। तत्काल ही चाचा मानवेन्द्र चंद्रशेखर को 20 जून 2022 को उदयपुर संस्थान लेकर आए। यहां डॉक्टर द्वारा जाँच कर 24 जून को बांये पांव का सफल ऑपरेशन हुआ। करीब एक माह बाद पुनः बुलाने पर 28 जुलाई को आये और 20 जुलाई को प्लास्टर खोला गया। अब पांव का टेढ़ापन बिलकुल ठीक हो गया। 1 अगस्त को पैर के लिए विशेष केलिपर्स व जूते तैयार कर पहनाए गए साथ ही चलने की ट्रेनिंग भी दी। चंद्रशेखर पूरी तरह से स्वस्थ एंव बहुत खुश है, अपने पांव पर आराम से चलने लगा है, ये देख परिवारजन भी बहुत प्रसन्न हैं।

# कुणाल को मिला नवजीवन

जयपुर जिले के कुम्हारों का मौहल्ला निवासी शंकर लाल के घर तीन बेटियों के बाद बेटे का जन्म हुआ। परिवार और सगे - संबंधियों में खुशी का माहौल था। माता - पिता ने बेटे का कुणाल नाम रखा। सब कुछ अच्छा चल रहा था, की एक दिन की अचानक कुणाल की तबीयत खराब हो गई।इस पर माता - पिता ने नजदीक के अस्पताल में दिखाया परन्तु स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ, फिर उसे एक बड़े अस्पताल में दिखाया जहाँ जाँच के बाद पता चला की बेटे के जन्म से दिल में छेद है। हृदय की गम्भीर बीमारी से पीड़ित कुणाल को साँस लेने में बहुत दिक्कत होती है।

यह सुन माता-पिता के पैरों तले जमीन ही खिसक गई। सभी परिजनों के होश उड़ गए। डॉक्टरों ने बताया कि 10 माह के कुणाल के बचने का एकमात्र विकल्प ऑपरेशन ही है। जिस पर 1,50,000 का खर्चा होगा। रंगाई पुताई की मजदूरी कर 4000 से 5000 रुपए मासिक कमाने वाले शंकर लाल गरीबी और निर्धनता के चलते परिवार का गुजारा भी बड़ी मुश्किल से कर पाते हैं, ऐसे में ऑपरेशन का इतना भारी - भरकम खर्च जुटाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन था। उन्हें समझ ही नहीं आ रहा था की इस परिस्थिति से कैसे पार पाया जाए। बेटे के ऑपरेशन के लिए दिन-रात मेहनत मजदूरी करने में लग गए। इसी बीच रंगाई-पुताई का काम करते हुए शंकर ने घर मालिक को अपनी वेदना बताई। उन्हें सोशल मीडिया यूट्यूब के माध्यम से मानव सेवा में समर्पित नारायण सेवा संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार के निःशुल्क सेवा प्रकल्पों की जानकारी मिली। बिना समय गवाए शंकर ने 22 अगस्त 2022 को संस्थान अध्यक्ष प्रशांत जी अग्रवाल से सम्पर्क कर अपनी आर्थिक स्थिति (निर्धनता) एवं बेटे की गंभीर बीमारी की पीड़ा से अवगत कराया। परिवार की पीड़ा को समझते हुए संस्थान के सहयोग से कुणाल का निःशुल्क ऑपरेशन जयपुर के नारायण मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में 25 अगस्त 2022 को सफलतापूर्वक हुआ।

इलाज का समस्त खर्च संस्थान और दादा कान लखानी द्वारा वहन किया गया। ऑपरेशन के बाद आज कुणाल पूर्णतया स्वस्थ है तथा सामान्य जीवन जी रहा है। आभार व्यक्त करते हुए माता-पिता की आँखों से खुशी के आँसू निकल पड़े और बोले कि संस्थान ने हमारे बेटे को ही नवजीवन नहीं दिया अपितु पूरे परिवार को जीवन दान दिया है।

# दिव्यांग-निर्धन विवाह ने दिया पर्यावरण एवं स्वच्छता का संदेश

## सामूहिक विवाह में 50 जोड़ों का बसा घर...

नारायण सेवा संस्थान के 38वें निःशुल्क दिव्यांग एवं निर्धन युवक-युवती विवाह समारोह 28-29 अगस्त को सेवा महातीर्थ में 50 जोड़े ने हल्दी की रस्म अदा की। विवाह सूत्र में बंधने वाले युवक-युवतियां पीले परिधानों में सजे-धजे थे। विवाह गीतों की धुनों व नृत्य के बीच परिजनों एवं कन्यादानियों ने दुल्हा-दुल्हनों को हल्दी का उबटन लगाकर हल्दी रस्म निभाई। इसके बाद मेहंदी रस्म की अदायगी संस्थान सहसंस्थापिका कमला देवी अग्रवाल एवं निदेशक वंदना अग्रवाल ने जोड़ों को पंक्तिबद्ध बैठाकर हाथों और पांवों में मेहंदी लगाई। खुशी और आनन्द का सैलाब ऐसा था कि पधारे हुए अतिथियों की दो टीमों में विवाह गीतों की अन्ताक्षरी हुई। शहर के प्रमुख समाज सेवी हरीश राजानी, कमल पाहुजा एवं श्रद्धा गट्टानी ने परिणय सूत्र में बंधने वाले जोड़ों को अग्रिम आशीष दिया।

## ठाठ से निकली दिव्यांग - निर्धन जोड़ों की बिन्दोली

सामूहिक विवाह की पूर्व संध्या पर निकली बिन्दोली को संस्थान संस्थापक पद्म श्री कैलाश जी मानव, महापौर गोविन्द सिंह टांक, उप महापौर पारस सिंघवी व संस्थान अध्यक्ष सेवक प्रशांत भैया ने झण्डी दिखाकर नगर निगम परिसर से रवाना किया। जो सूरजपोल, बापू बाजार, देहली गेट, टाऊन हॉल रोड होते हुए पुनः निगम परिसर में पहुंची। बिन्दोली में विभिन्न प्रांतो से आए अतिथियों ने दिव्यांगों पर स्नेह का ऐसा उल्लास बिखेरा कि जहां से भी बिन्दोली गुजरी वहां खड़े लोग भी फूल बरसाते हुए झूम उठे। लकदक रोशनी के साथ निकली इस बिन्दोली में 50 जोड़े बग्गी - जीपों में सवार थे। बिन्दोली में शामिल स्त्री - पुरुषों ने देशभक्ति और विवाह के गीतों पर जमकर ठुमके लगाए।

बिन्दोली में ट्रस्टी देवेंद्र चौबीसा, विष्णु शर्मा हितैषी, भगवान प्रसाद गौड़, रजत गौड़, दिनेश वैष्णव, नरेंद्र सिंह, कुलदीप सिंह शेखावत मौजूद रहे। संचालन महिम जैन ने किया। वैदिक मंत्रों के उच्चारण के बीच पवित्र अग्नि को साक्षी बनाकर सात वचन लेकर एक-दूसरे के हो गए।

## देवस्थान मंत्री ने दिया सुखमय जीवन का आशीर्वाद

मुख्य अतिथि राज्य की उद्योग एवं देवस्थान मंत्री शुकन्तला रावत ने अपने वीडियो संदेश में नव दंपतियों को स्वस्थ, समृद्ध और सुखमय जीवन का आशीर्वाद दिया। और संस्थान की सराहना करते हुए कहा अगर नारायण सेवा नहीं होती तो दिव्यांगों का इलाज कैसे हो पाता। साथ ही राज्य सरकार से हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। समारोह के सम्मानित अतिथि राजस्थान धरोहर संरक्षण के सीईओ -आईएएस टीकम चन्द बोहरा,प्रदेश उपाध्यक्ष पीसीसी मनोहर लाल गुप्ता,देवस्थान सहायक आयुक्त दीपिका मेघवाल की उपस्थिति में गणपति वंदना के साथ विवाह समारोह आरंभ हुआ। अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थापक - चेयरमैन पद्मश्री कैलाश जी मानव ने कहा कि जिन दिव्यांग एवं निर्धन परिवारों के भाई-बहनों ने अपनी निशक्तता व गरीबी को दुर्भाग्य मानते हुए गृहस्थी की कभी कल्पना भी न की, वे आज समाज के सहयोग से अपनी

यह साध पूर्ण परम्परागत रीति और भव्यता के साथ पूरी करने जा रहे। राजस्थान सरकार के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ महेश जोशी ने संदेश में कहा कि नर सेवा नारायण सेवा ने समाज में मिसाल कायम की है। मैं सभी जोड़ों को वैवाहिक जीवन शुरू करने पर उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ। संस्थान अध्यक्ष सेवक प्रशांत भैया ने कहा कि विवाह में राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार आदि राज्यों के दिव्यांग एवं निर्धन जोड़ें में से अधिकतर की संस्थान के अस्पताल में ही दिव्यांगता सुधार की निःशुल्क सर्जरी हुई और यहीं उन्हें स्वावलम्बन एवं पुनर्वास की दृष्टि से रोजगार परक प्रशिक्षण प्राप्त हुए। इन जोड़ों में कोई पांव से तो कोई हाथ से दिव्यांग है।

इसके बाद दूल्हों द्वारा तोरण की रस्म अदा की गई। मंच पर दूल्हा-दूल्हन ने एक-दूजे को वरमाला पहनाई और प्रेशर पम्प ने उन पर गुलाब की पंखुरियो की बौछार की। इस दौरान

समूचा पाण्डाल तालियों और बधाई के समवेत स्वरों से गूंज उठा। इसके बाद 50 वेदी-कुण्डों पर उपस्थित आचार्यो ने मुख्य आचार्य के निर्देशन में वैदिक विधि से पाणिग्रहण संस्कार सम्पन्न करवाया। समारोह में भाग लेने वाले अतिथियों ने परिधान, आभूषण सामग्री जबकि गृहस्थी की सम्पूर्ण सामग्री संस्थान की ओर से प्रत्येक जोड़े को प्रदान की गई। **विवाह ने पर्यावरण संवर्धन एवं स्वच्छता का दिया संदेश**-सभी जोड़ों को उपहार में एक-एक पौधा घर के बाहर लगाने और साफ सफाई रखने के लिये डस्टबीन भेंट किया गया तथा प्रतीक रूप में 5 दिव्यांग जोड़ों से संस्थान परिसर में छायादार पौधे लगवाये गये। विदाई की वेला में जब दुल्हनें डोली में बैठकर साजन के घर जाने के लिए विवाह मण्डप से बाहर आई तो सभी की आंखे नम हो उठीं जोड़ों, ने अतिथियों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। समारोह में सह संस्थापिका कमला देवी जी अग्रवाल ट्रस्टी-निदेशक जगदीश आर्य, देवेन्द्र चौबीसा भी मौजूद थे। संयोजन महिम जैन ने किया।

# दोनों दिव्यांग - बनें हम कदम

हरियाणा के फरीदाबाद जिले का ग्रामुड़ गांव निवासी रविंद्र तीन साल की उम्र में पोलियों ग्रस्त हो गया था। उसकी लाचार जिंदगी का हर दिन उसके लिए नए सबक से कम नहीं था, उसी बीच पिता का साया उठ गया। दुःखी रविंद्र नारायण सेवा संस्थान आया जहां उसने मोबाइल रिपेयरिंग का कोर्स किया।

इसके बाद वह उ.प्र के लखनऊ में रोजगार के लिए गया। जहां एक कोचिंग संस्थान में बबीता से मिलन हुआ। जो एक पांव से दिव्यांग थी और माता -पिता की मृत्यु के बाद अनाथ जिंदगी जी रही थी। दोनों ने जीवन साथी बनने की ठानी पर निर्धनता और दिव्यांगता उनके सपनों के आकार लेनें में बाधा थी। इसी बीच उन्हें नारायण सेवा संस्थान के 38वें सामूहिक विवाह की जानकारी मिली। संस्थान के सहयोग से दोनों दिव्यांग समारोह में शामिल हुए। अब ये हम कदम बन जीवन की राह सुगम बनायेंगे।

बबीता - रविंद्र

# इशारों में समझेंगे दिल की बात

38वें सामूहिक विवाह में परिणय सूत्र में बंधे सुमित्रा और कपिल दोनों मूकबधिर हैं। वे बोल नहीं सकते पर इशारों-इशारों में दिल की बातें करेंगे और गृहस्थी की गाड़ी चलायेंगे।

सुमित्रा पुत्री कुरीलाल बेडनपाड़ा (उदयपुर) और कपिल पुत्र शंकर लाल झाड़ोल (उदयपुर) के निवासी हैं। दोनों की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है। दोनों के परिवार लोगों के मुँह से गूंगा-गूंगी सुनकर तंग आ चुके थे। कोई भी इनका जीवन साथी बनने को तैयार नहीं था।

इनके माता - पिता अपने बच्चों की शादी के लिए बहुत घूमें, जब अपनी संतान की दिव्यांगता बताते तो निराशा हाथ लगती साथ ही रिश्तेदारों के ताने मिलतें। संस्थान के सामूहिक विवाह से इन्हें आशा जगी। संस्थान की मदद से 29 अगस्त को सुमित्रा एंव कपिल दो शरीर एक प्राण हो गए।

सुमित्रा - कपिल

# मन में विश्वास, कदमों में गति

**सड़क हादसोंअथवा अन्य दुर्घटनाओं में हाथ-पैर खो देने वालों के लिए कृत्रिम अंग, जन्मजात छोटे,टेढ़े-मेढ़े व पोलियोंग्रस्त पांव की सर्जरी अथवा उनके लिए विशेष कैलिपर बनाने के लिए अगस्त में विभिन्न शहरों में निःशुल्क ऑपरेशन चयन, कृत्रिम अंग-कैलीपर माप व वितरण शिविर आयोजित किए गए। जिनमें कृत्रिम अंग 436 व कैलिपर 145 वितरित किए गए। ऑपरेशन के लिए 130 का चयन हुआ, जबकि कृत्रिम अंग व केलीपर बनाने के लिए क्रमशः 122 व 224 दिव्यांगजन के माप लिए गए।**

## करनाल

मानव सेवा संघ के सहयोग से करनाल (हरियाणा) में 28 अगस्त को आयोजित शिविर में 38 दिव्यांगजन के कृत्रिम अंग व 20 के केलीपर लगाए गए। मुख्य अतिथि मानव सेवा संघ के प्रधान पूज्य स्वामी श्री प्रेममूर्ति जी थे। अध्यक्षता श्री जगदीश लाल जी आहूजा ने की। विशिष्ट अतिथि श्रीमती सरिता देवी, श्री सतीश शर्मा व श्री राजेन्द्र कुमार जी थे। शिविर प्रभारी लालसिंह भाटी व सहप्रभारी मुकेश त्रिपाठी ने अतिथियों को सम्मानित किया। कृत्रिम अंग व केलीपर लगाने का कार्य पी.एण्ड.ओ. डॉ. रामनाथ ठाकुर के निर्देशन मे टेक्नीशियन श्री नाथूसिंह व श्री नरेश वैष्णव ने किया।

## अमृतसर

रानी का बाग अमृतसर (पंजाब) स्थित प्राचीन शिवालय में श्री प्रमोद जी भाटिया परिवार के सहयोग से 3 अगस्त को नारायण कृत्रिम अंग वितरण शिविर आयोजित किया गया। आठ दिव्यांगों को कृत्रिम अंग व 2 को केलीपर वितरित किये गए। शिविर प्रभारी मुकेश शर्मा के अनुसार मुख्य अतिथि श्री अशोक जी भाटिया थे। अध्यक्षता डॉ. भगत सिंह जी ने की। विशिष्ट अतिथि यूथवेल कैया फेडरेशन ऑफइंडिया के श्री प्रमोद जी भाटिया, श्री पी.एल. होडा व श्री राजेन्द्र जी शर्मा थे।

## बीकानेर

श्री रायलाल-सुखादेवी निवासी बीकानेर (राज.) के सौजन्य से 5 अगस्त को खेरपुर भवन में कृत्रिम अंग वितरण शिविर में 34 दिव्यांग बन्धु-बहिनों को कृत्रिम हाथ-पैर व 13 को केलिपर वितरित किए गए। मुख्य अतिथि नगर निगम के पूर्व महापौर श्री महावीर जी रांका व विशिष्ट अतिथि सर्वश्री शतु जी गहलोत, भगवती प्रसाद जी गौड़,राजाराम जी जाखड पूर्व पाषर्द श्री राठौड़ जी, मधु शर्मा व शाखा प्रेरक श्री सुभाष जी प्रजापत, रावलामंडी थे। शिविर प्रभारी मुकेश शर्मा ने अतिथियों का स्वागत-सम्मान किया। कृत्रिम

अंग फिटमेंट का कार्य टेक्नीशियन श्री भगवती पटेल ने किया।

## अलवर

श्री अग्रवाल धर्मशाला में श्री अग्रवाल महासभा, अलवर के सहयोग से 7 अगस्त को निःशुल्क दिव्यांग जांच, ऑपरेशन चयन एवं कृत्रिम अंग माप शिविर आयोजित किया गया। जिसमें सर्जरी के लिए 15 का चयन किया गया। पीएण्डओ टेक्नीशियन श्री भगवती पटेल ने 7 दिव्यांगजन के लिए कृत्रिम अंग व 12 के केलिपर बनाने के लिए माप लिए। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक श्री बनवारी लाल जी सिंघल थे। अध्यक्षता समाज कल्याण अधिकारी श्री रविकांत जी ने की। शाखाध्यक्ष श्री आर. एस. वर्मा ने अतिथियों का स्वागत-सम्मान किया। विशिष्ट अतिथि सर्वश्री दिनेश जी गुप्ता अध्यक्ष अग्रवाल महासभा, हरिराम जी पुलिस उप अधीक्षक, अनिल जी गर्ग उपाध्यक्ष अग्रवाल महासभा, खेमसिंह जी आर्य, उपशाखाध्यक्ष एनएसएस व रमेश जी शर्मा प्रबंधक बैंक ऑफबड़ौदा थे। संचालन हरिप्रसाद लड्ढा ने किया।

## चुरू

एल. एन. मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट, चुरू (राजस्थान) के सौजन्य से वन विहार कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन में 9-10 अगस्त को कृत्रिम अंग वितरण शिविर आयोजित हुआ। निःशक्तजन आयोग के आयुक्त श्री उमाशंकर जी मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि सर्वश्री डॉ. महेश शर्मा अध्यक्ष एल.एन. मेमोरियल ट्रस्ट,डॉ. तमन्ना शर्मा, अरविंद ओला व शंकरलाल दीक्षित थे। अध्यक्षता राजस्थान महिला आयोग की अध्यक्ष रेहाना रिहान ने की। शिविर प्रभारी लालसिंह भाटी ने अतिथियों का स्वागत-सम्मान करते हुए संस्थान की सेवाओं की जानकारी दी। अतिथियों ने 56 दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग व 33 को केलीपर वितरित किए। पीएण्डओ रितुपर्णा व टेक्नीशियन नाथूसिंह ने कृत्रिम अंग लगाए।

## पाली

संस्थान की पाली (राजस्थान) शाखा के तत्वावधान में 13 अगस्त को बापू नगर स्थित रोटरी क्लब में आयोजित शिविर में 9 दिव्यांगों को कृत्रिम अंग व 8 को केलीपर देने के लिए टेक्नीशियन श्री किशन सुथार ने माप लिए। शाखा संयोजक श्री कांतिलाल जी ने मुख्य रोटरी क्लब निर्देशक श्री गौतम चंद्र जी कवाड, विशिष्ट अतिथि सर्वश्री अर्जुन जी मेहता, राजू जी मेडतिया व सचिव वर्धमान जी भंडारी तथा शिविर अध्यक्ष श्री अमरचंद जी बोहरा का स्वागत-सम्मान व संचालन हरिप्रसाद लड्ढा ने किया।

## चंद्रपुर

पंजाबी समाज सेवा समिति, चन्द्रपुर (महाराष्ट्र) में 16-17 अगस्त को कृत्रिम अंग वितरण शिविर श्री अजय जी कपूर के सहयोग से सम्पन्न हुआ। जिसमें 150 दिव्यांगजन को कृत्रिम हाथ-पैर व 37 को केलीपर लगाए गए। टेक्नीशियन नरेश वैष्णव व करण मीणा ने पी.एण्ड.ओ. रामनाथ

ठाकुर की देखरेख में कृत्रिम अंग लगाए। शिविर प्रभारी श्री अखिलेश अग्निहोत्री थे।

## धामणगांव

टीएमसी हॉल, धामणगांव (महाराष्ट्र) में 17-18 अगस्त को महाराष्ट्र राज्य दिव्यांग बेरोजगार संघटना एवं हात फाउंडेशन, धामणगांव के सहयोग से 105 दिव्यांगजन को क्रमशः 77 कृत्रिम अंग व 28 केलीपर प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक श्री वीरेन्द्र जी जगताप थे। अध्यक्षता श्री सुनील जी सैतवाल ने की। विशिष्ट अतिथि सर्वश्री प्रदीप जी बाजड़ अध्यक्ष, आधार फाउंडेशन, प्रशांत जी झाड़े अध्यक्ष, दिव्यांग बेरोजगार संघटना, सुजित जी भुजभुजे अध्यक्ष, हात फाउंडेशन, दिनेश वाघमारे अध्यक्ष, आदर्श फाउंडेशन व सुश्री नेहा भुजभुजे थी। शिविर प्रभारी हरिप्रसाद लड्ढा ने संस्थान के निःशुल्क सेवा प्रकल्पों की जानकारी दी। कृत्रिम अंग लगाने में पी.एण्ड.ओ. रितुपर्णा व भवंरसिंह ने सहयोग किया।

## नीम का थाना

संस्थान के तत्वावधान में सीकर (राजस्थान) जिले के नीम का थाना के कपिल कुंज में श्री संजय जी मोदी के सहयोग से 20 अगस्त को निःशुल्क दिव्यांग जांच एवं ऑपरेशन चयन शिविर सम्पन्न हुआ। जिसमें ऑपरेशन के लिए डॉ. सिद्धार्थ लाम्बा ने 11 व 6 का कैलीपर लगाने के लिए चयन किया। मुख्य अतिथि आरएसएस के प्रांत प्रचारक श्री शैलेन्द्र जी थे। अध्यक्षता कपिल मोदी फांउडेशन के संजय जी मोदी ने की। विशिष्ट अतिथि सर्वश्री विष्णु जी चेतानी, विश्वेन्द्र जी, शाखा प्रेरक खेतड़ी पवन जी कटारिया व गजेन्द्र जी मोदी थे। संचालन श्री मुकेश शर्मा ने किया।

## मालेर कोटला

महावीर इन्टरनेशनल एवं मानव निष्काम सेवा समिति के संयुक्त सौजन्य से बालाजी मंदिर तालाब रोड परिसर मालेरकोटला (पंजाब) में दो दिवसीय शिविर 21-22 अगस्त को सम्पन्न हुआ। जिसमें क्षेत्रीय विधायक श्री जमील-उर-रहमान मुख्य अतिथि थे। अध्यक्षता महावीर इन्टरनेशनल के सचिव श्री अनिल जैन ने की। अतिथियों के सानिध्य में 73 दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग व 13 को केलीपर लगाए गए। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी सर्वश्री राजिन्दर जी टिना नानगल, श्री लक्ष्यराज जी जैन, विवेक जी जैन व इन्द्रजीत सिंह जी मुड़े थे। संचालन शिविर प्रभारी श्री अखिलेश अग्निहोत्री ने किया।

## ऊना

